## महत्वपूर्ण एवं खास

### एकलव्य आवासीय विद्यालय: प्रवेश परीक्षा परिणाम घोषित

**रायगढ़।** शिक्षण सत्र 2024-25 में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित कर रायगढ़ जिले में 18 मई 2024 को प्राक्चयन परीक्षा आयोजित की गई थी। प्रवेश परीक्षा परिणाम घोषित करते हुए जिलावार सूची https://eklavya.cg.nic.in पर अवलोकन हेतु उपलब्ध है। परीक्षा परिणाम के संबंध में विद्यार्थी अपना रोल नंबर, नाम में कोई विसंगति हो तो अपना अभ्यावेदन में पूर्ण विवरण एवं मोबाइल नंबर देते हुए प्रमाण स्वरूप प्रवेश पत्र के साथ संलग्न कर ईमेल आईडी abhyavedan.emrs.adm@gmail.com पर 14 जुलाई 2024 रात्रि 12 बजे तक कर सकते है। इस तिथि के पश्चात किया गया अभ्यावेदन मान्य नहीं होगा।

### 39 वें चक्रधर समारोह 2024 : कुश्ती खेल आयोजन हेतु समिति गठित

**रायगढ़।** कलेक्टर एवं चक्रधर समारोह आयोजन समिति के अध्यक्ष कार्तिकेया गोयल ने 39 वें चक्रधर समारोह 2024 के सफल आयोजन के लिए कुश्ती खेल आयोजन समिति का गठन किया है। गठित समिति में सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव को अध्यक्ष तथा डिप्टी कलेक्टर महेश शर्मा को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसी तरह एसडीएम घरघोड़ा रमेश मोर, डीएमसी नरेन्द्र चौधरी, मोतीमहल रायगढ़ देवेन्द्र प्रताप सिंह, दिनेश जायसवाल, बलबीर शर्मा, राजानंद यादव, श्याम सिंह सोनी, कुमारी भाविका पाण्डेय, जयकुमार यादव तथा श्याम गुप्ता को सदस्य बनाये गये है।

### परिसीमन अवधि बढ़ी : नगरीय निकाय अब 12 जुलाई तक कर सकेंगे परिसीमन

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** जिले के नवीन नगर पंचायत सरसीवा और पवनी में परिसीमन कार्य होगा। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग छत्तीसगढ़ ने नगरपालिका और नगर पंचायत में परिसीमन के तहत सीमा निर्धारण संबंधी प्रस्ताव की पूर्व में निर्धारित तिथि को अब 12 जुलाई 2024 तक बढ़ाया है। अब परिसीमन का प्रारंभिक प्रकाशन, दावा आपत्ति, सुझाव की तिथि 15 जुलाई से 22 जुलाई 2024 है, जिसका कलेक्टर के द्वारा नियत अवधि में नागरिकों से प्राप्त आपत्ति, सुझाव और उन पर अपना अभिमत सहित सम्पूर्ण प्रस्ताव राज्य शासन को प्रेषित करने की निर्धारित तिथि 25 जुलाई 2024 है।

### दस हजार की रिश्वत लेते पटवारी का विडियो वायरल, सस्पेंड

**कवर्धा (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले में रिश्वत लेते पटवारी का वीडियो सामने आया है। वायरल होने के बाद पटवारी को एसडीएम ने सस्पेंड कर दिया है। वीडियो में पटवारी घनश्याम मरावी नोट गिनते नजर आ रहा है। कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम ने कार्रवाई की है। वीडियो सोमवार का बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार पंडरिया विकासखंड के हल्का नंबर 15 चतरी में पदस्थ पटवारी घनश्याम मरावी ने बंटवारा नामा और पट्टा बनाने के एवज में किसान से 10 हजार की रिश्वत की मांग की थी। जिसके बाद पीड़ित किसान पटवारी सोमवार को रुपए देने पहुंचा था। रुपए लेने के दौरान किसी ने वीडियो बना लिया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इसकी जानकारी कबीरधाम कलेक्टर जनमेजय महोबे के पास पहुंची। जिसके बाद एसडीएम संदीप ठाकुर को जांच के निर्देश दिए। एसडीएम ने जांच में शिकायत को सही पाया, जिसके बाद पटवारी घनश्याम मरावी को निलंबित कर दिया गया। निलंबन अवधि के दौरान अमरपुर के पटवारी भागवत राज को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

# 11 जुलाई से शुरू होगा जनसमस्या निवारण शिविर, सभी विभाग तैयारी कर लें पूरी- कलेक्टर कार्तिकेया गोयल

- स्कूलों में शिक्षकों की अटेंडेस करें मॉनिटर, हर महीने बच्चों का मॉक टेस्ट करें आयोजित, शिक्षा विभाग को निर्देश
- ब्लड बैंक की रियल टाईम जानकारी के लिए तैयार होगा ऑनलाईन प्लेटफार्म
- कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने ली समय-सीमा की बैठक

**रायगढ़**

जिले में 11 जुलाई से जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित होने जा रहे हैं। इसके लिए शेड्यूल जारी कर दिया गया है। इसमें सभी विभागों की सक्रिय सहभागिता होगी। सभी विभाग प्रमुख इसके लिए अपनी तैयारी पूरी कर लें। लोगों की समस्याओं के निराकरण के साथ ही उन्हें शासन की जन हितैषी योजनाओं से जोडऩे के लिए सर्वे करने का काम पूरा कर लिया जाए। उक्त बातें कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आज समय-सीमा की बैठक में कही।



कलेक्टर गोयल ने लोक सेवा गारंटी के तहत विभागों द्वारा उपलब्ध करायी जा रही सेवाओं के लिए प्राप्त आवेदन व उनके निराकरण की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि लोक सेवा गारंटी के तहत विभागों को निर्धारित किए गए समय-सीमा के अंदर आवेदन को सेवा का लाभ पहुंचाना है। अत: सभी अधिकारी नियमित रूप से अपने कार्यालय में इसकी समीक्षा करें। समय-सीमा के बाहर आवेदन पेडिंग नहीं रहने चाहिए। उन्होंने ई-डिस्ट्रिक्ट में प्रकरणों के निराकरण की तहसीलवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम एवं तहसीलदार हर हफ्ते दर्ज होने वाले प्रकरणों को मॉनिटर करें, जिससे उसके लिए निर्धारित समय के अंदर वह प्रकरण निराकृत किया जा सके। यह राजस्व अधिकारियों के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता का काम है। इसी प्रकार सभी विभाग प्रमुख यह सुनिश्चित करें कि जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्ता पूर्ण व समाधान कारक निराकरण होना चाहिए।

कलेक्टर गोयल ने सभी एसडीएम व नगरीय निकाय के सीएमओ को अपने शहर का निरीक्षण कर वहां नालियों व चौक-चौराहों की सफाई व शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कहा। शहरी आवास निर्माण में प्रगति लाने के निर्देश भी उन्होंने दिए। केसीसी प्रकरणों की साप्ताहिक प्रगति पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि कृषि के साथ ही पशुपालन, मत्स्य व उद्यानिकी के केसीसी प्रकरणों को भी जल्द निराकृत किया जाए। कलेक्टर गोयल ने शासन से जारी पत्र के अनुसार विभागों द्वारा निलंबित विभागीय जांच व लम्बे समय से अनुपस्थित कर्मचारियों और उन पर की गई कार्यवाही की जानकारी तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। खाद्य विभाग के काम की समीक्षा करते हुए उन्होंने पीडीएस बारदाना जमा करने के काम में तेजी लाने के लिए कहा। पर्यावरण व परिवहन विभाग को वाहनों की नियमित जांच व बिना तारपोलिन ढंके चल रहे गाडिय़ों पर कड़ी कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। खनिज विभाग को भी अवैध उत्खनन व परिवहन पर लगातार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन के कामों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर गोयल ने कहा कि जिन गांवों में हैण्डओवर हो रहा है, वहां नल कनेक्शन वाले हर घरों में पानी पहुंचना सुनिश्चित हो। कही समस्या आ रही है तो वहां सुधार करें। पंचायतों को भी ओव्हर हेड टैंक व मशीन ऑपरेट करने व रख-रखाव के संबंध में आवश्यक जानकारी दें।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, एडीएम संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम सुनील कुमार चंद्रवंशी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**स्कूलों में शिक्षकों की अटेंडेस करें मॉनिटर, हर महीने बच्चों का मॉक टेस्ट करें आयोजित**

कलेक्टर गोयल ने स्कूलों में शिक्षकों की डेली अटेंडेंस और समय में उपस्थिति की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो शिक्षक अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित है या देर से आते है उन पर नियमानुसार कार्यवाही करें। इसमें कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर गोयल ने सभी स्कूलों में हर माह यूनिट टेस्ट कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टेस्ट रिजल्ट का एनालिसिस करें, जिससे बच्चों के रिजल्ट को सुधारने के लिए आगे की रणनीति तैयार की जा सके। इसके साथ ही पूर्व में दिए निर्देशों के अनुसार स्कूलों में सामान्य ज्ञान क्विज प्रतियोगिता कराने के लिए भी निर्देशित किया।

**ब्लड बैंक की रियल टाईम जानकारी के लिए तैयार करें ऑनलाईन प्लेटफार्म**

कलेक्टर गोयल ने ब्लड बैंक के रियल टाइम एक्सेस के लिए पोर्टल/सॉफ्टवेयर तैयार करने के निर्देश एनआईसी और स्वास्थ्य विभाग को दिए। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद के लिए यह वन स्टॉप सॉल्यूशन की तरह काम करें। जिससे जिले में स्थापित ब्लड बैंक्स में उपलब्ध ब्लड यूनिट टाइप, उनके कॉन्टेक्ट नंबर इत्यादि की जानकारी एक जगह पर मिले। ताकि जिसे ब्लड की आवश्यकता है वह ब्लड बैंक में संपर्क

## भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ सारंगढ़ बिलाईगढ़ द्वारा किया गया वृक्षारोपण

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशानुसार भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ सारंगढ़ बिलाईगढ़ द्वारा जिला स्तरीय वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन नवीन जिला कार्यालय सारंगढ़ परिसर में 200 पौधों का रोपण किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम पर लगाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा और वर्षा बंसल (जिला शिक्षा अधिकारी एवम डिप्टी कलेक्टर) जिला आयुक्त एवं जिला नोडल नरेश चौहान एबीईओ मुकेश कुर्रे, आर के जांगड़े रहे। इस कार्यक्रम का प्रतिवेदन जिला संगठन आयुक्त शंकर लाल साहू एवम जिला संगठन आयुक्त लिंगराज पटेल द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा और वर्षा बंसल (जिला शिक्षा अधिकारी एवम डिप्टी कलेक्टर) तथा विशिष्ट अतिथि एवं विशेष अतिथियों ने बच्चों को जलवायु परिवर्तन, भीषण गर्मी से बचने वृक्षारोपण कर संरक्षण करने संबोधित किया। जिला मुख्यालय आयुक्त पवन नायक ने वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के उद्देश्य तथा जिला कोषाध्यक्ष पूनम सिंह साहू (लीडर ट्रेनर) ने पौधों के संरक्षण एवं महत्व को बताया। इस कार्यक्रम में जिला सचिव दीपक पाण्डेय ,सहायक जिला संगठन आयुक्त भागवत साहू ने भी शामिल होकर वृक्षारोपण में महत्वपूर्ण योगदान दिए।

## छात्रों के टीसी में डीईओ-बीईओ या किसी अन्य अधिकारी के काउंटर हस्ताक्षर की कोई जरूरत नहीं, स्कूल से जारी किया टीसी है पर्याप्त- कलेक्टर गोयल

- लोकसेवा केन्द्र / चॉईस सेंटर से टीसी के लिए ऑनलाईन कर सकते है आवेदन, लोक सेवा गारंटी में किया गया है शामिल

**रायगढ़**



जिला प्रशासन के संज्ञान में यह बात आयी है कि स्कूल से टीसी ले रहे छात्रों के ट्रांसफर सर्टिफिकेट में डीईओ-बीईओ या अन्य अधिकारियों के काउंटर साईन की आवश्यकता बतायी जा रही है। समय-सीमा की बैठक के दौरान यह मामला प्रकाश में आने पर कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने स्पष्ट किया है कि किसी भी छात्र के ट्रांसफर सर्टिफिकेट में किसी भी शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारी या कलेक्टर, एसडीएम अथवा किसी अन्य अधिकारी के काउंटर सिग्नेचर की कोई आवश्यकता नहीं होती है। स्कूल के प्राचार्य द्वारा जारी किया गया टीसी पर्याप्त होता है। इसलिए पालकों को अनावश्यक परेशान होकर जिला शिक्षा कार्यालय अथवा अन्य कार्यालयों में भटकने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि स्कूल से जारी होने वाले टीसी में छात्र के यूडाईस कोड और यूनिक कोड दर्ज करना अनिवार्य है। उन्होंने स्कूलों में प्राप्त होने वाले टीसी के सभी आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए छात्रों को उनके ट्रांसफर सर्टिफिकेट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है। उन्होंने आगे कहा कि छात्रों के ट्रांसफर सर्टिफि केट जारी किए जाने की सुविधा को लोक सेवा गारंटी के तहत शामिल किया गया है। शिक्षा विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि ऑनलाईन प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा के भीतर निराकरण करें।

**लोकसेवा केन्द्र /चॉईस सेंटर से टीसी के लिए ऑनलाईन कर सकते है आवेदन, 15 दिन के भीतर जारी होगा सर्टिफिकेट-** छात्रों को ट्रांसफर सर्टिफिकेट उपलब्ध कराने की सुविधा लोकसेवा गारंटी का भी हिस्सा है। इसके अंतर्गत आवेदन करने के 15 दिन के भीतर छात्र को उसकी टीसी जारी करनी होती है। छात्रों एवं उनके पालकों के लिए यह एक सुविधाजनक पहल है जिसका लाभ उन्हें जरूर लेना चाहिए। इसके लिए अपने नजदीकी लोकसेवा केन्द्र/चॉईस सेंटर में जाकर छात्र अथवा उनके पालक आवेदन पत्र, अंकसूची, नोड्यूज के साथ टीसी के लिए अप्लाई कर सकते है। आवेदन करने के 15 दिनों के भीतर शिक्षा विभाग द्वारा प्रकरण का निराकरण कर छात्र का टीसी जारी किया जाएगा।

## जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों पर करें शत-प्रतिशत निराकरण -कलेक्टर

- नागरिकों की समस्याओं का समाधान शीघ्रता से करने के दिए निर्देश

**रायगढ़**



मंगलवार को आयोजित होने वाले जनदर्शन में आज जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आवेदकों ने अपनी समस्याओं, मांगों और शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने जनदर्शन में आम जनता की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए संबंधित विभाग को तुरंत निर्देश जारी किए। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि जनदर्शन का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता से निराकृत कर उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत पहुंचाना है। अत: सभी अधिकारी जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर शीघ्रता से कार्यवाही सुनिश्चित करें।

रायगढ़ के वार्ड क्रमांक 24 एवं 25 संजय नगर के रहवासी बरसात का पानी घरों में घुस जाने संबंधी आवेदन लेकर पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि संजय नगर आईटीआई, सिंधी कालोनी, अम्बेडकर आवास एवं इंडस्ट्रीयल एरिया का बरसात का पानी संजय नगर रेलवे किनारे जमा हो जाता है। जिसकी वजह से रेलवे से लगे मोहल्ले में बरसात का पानी घरों में घुस रह रहा है। अगर इसका त्वरित उपाय नहीं होता है तो आगे यहां आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। कलेक्टर गोयल ने आयुक्त नगर निगम को उक्त मोहल्ले में जाकर सर्वे करने एवं इसका त्वरित उपाय करने के निर्देश दिए है। ग्राम-सरडामाल की मां बंजारी महिला स्व-सहायता समूह मत्स्य पालन का ठेका प्रदाय करने के संबंध में आवेदन लेकर आयी थी। उन्होंने बताया कि उनके समूह में 10 महिलाए जुड़ी हुई है और वे ग्राम-बोकरामुड़ा स्थित टार तालाब में मत्स्य पालन का कार्य करना चाहती है ताकि परिवार का भरण-पोषण हो सके। कलेक्टर गोयल ने सहायक संचालक मछली पालन को आवेदन पर उचित कार्यवाही के निर्देश दिए।

78 वर्षीय महिंगल साव तीन माह से वृद्धापेंशन नहीं मिलने के कारण जनदर्शन में पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि वृद्धापेंशन के सहारे ही उनका जीवन-यापन चल रहा था, लेकिन बीते 3 माह से पेंशन की राशि अप्राप्त होने से उन्हें आर्थिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। इसी तरह शांतिनगर लैलूंगा से महेश श्रीवास विकलांग सहायता राशि की मांग को लेकर यहां पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि जब से वे लकवा ग्रस्त हुए है तब से उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर हो गयी है और वे कही भी बाहर जाकर रोजी-मजदूरी नहीं कर पा रहे है। वे घर में ही एक छोटा सा राशन दुकान खोलना चाहते है जिसके लिए उन्हें विकलांग सहायता राशि की जरूरत है, ताकि उसी दुकान के सहारे वे अपना एवं परिवार का पालन पोषण कर सके। ग्राम-महापल्ली के रोशन प्रधान मोटराइज्ड ट्राइसायकल की मांग को लेकर आये थे। उन्होंने बताया कि काम के दौरान उनका एक पैर कट जाने से वे 80 प्रतिशत विकलांग की श्रेणी में है। जिसकी वजह से उन्हें कही भी आने-जाने एवं परिवार के भरण-पोषण करने में समस्या हो रही है। उन्होंने कहा कि शासकीय योजनाओं के माध्यम से उन्हें मोटराईज्ड ट्रायसायकल प्राप्त हो जाता तो वे बिना सहारे कही भी आना-जाना कर सकेंगे और अपने परिवार का पालन-पोषण कर पायेंगे। कलेक्टर गोयल ने संबंधित अधिकारी को प्राप्त आवेदनों पर यथाशीघ्र कार्यवाही तथा योजनाओं के लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए। इसी तरह आज के जनदर्शन में अन्य लोग भी अपनी विभिन्न समस्याएं जैसे गरीबी रेखा के राशन कार्ड, पानी, आवास, स्कूल फीस, टीसी सहित अन्य मुद्दों के साथ शासकीय योजनाओं से संबंधित लाभ दिलाए जाने हेतु आवेदन किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, एडीएम संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय, सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ में अब तक 207.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर । आरएनएस**

राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 207.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 09 जुलाई सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार सुकमा जिले में सर्वाधिक 342.8 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 94.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर जिले में 145.1 मिमी, बलरामपुर में 231.1 मिमी, जशपुर में 190.7 मिमी, कोरिया में 175.8 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 140.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। इसी प्रकार, रायपुर जिले में 176.2 मिमी, बलौदाबाजार में 247.1 मिमी, गरियाबंद में 177.9 मिमी, महासमुंद में 179.7 मिमी, धमतरी में 184.7 मिमी, बिलासपुर में 284.2 मिमी, मुंगेली में 240.6 मिमी, रायगढ़ में 268.1 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 158.7 मिमी, जांजगीर-चांपा में 221.5 मिमी, सक्ती में 213.1 मिमी, कोरबा में 329.7 मिमी., गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 274.8 मिमी, दुर्ग में 129.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 195.7 मिमी, राजनांदगांव में 173.3 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़चौकी में 173.8 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 160.0 मिमी, बालोद में 199.1 मिमी, बेमेतरा में 115.5 मिमी, बस्तर में 257.8 मिमी, कोण्डागांव में 154.4 मिमी, कांकेर में 197.3 मिमी, नारायणपुर में 250.6 मिमी, दंतेवाड़ा में 223.3 मिमी और बीजापुर में 332.3 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ 2024-आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई

- ऋणी एवं अऋणी कृषक ले सकते है योजना का लाभ

**रायगढ़**

रायगढ़ जिले के समस्त ऋणी व अऋणी कृषक 31 जुलाई 2024 तक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ 2024 का लाभ ले सकते है। फसल बीमा में मक्का, धान सिंचित, धान असिंचित, उड़द, मूंग, मूंगफली, रागी एवं अरहर को शामिल किया गया है। कृषक को बीमित फसल क्षति का दावा के लिए बीमा कंपनी (भारतीय कृषि बीमा कंपनी लिमिटेड)के टोल फ्री नंबर 1800-11-6515, 1800-209-5959 एवं 1800-266-0700, 14447 में 72 घंटे के भीतर फसल क्षति की सूचना देना अनिवार्य है।

उप संचालक कृषि रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि रायगढ़ जिले में खरीफ 2024 हेतु छ.ग.शासन से जारी अधिसूचना के आधार पर जिले के समस्त विकासखण्ड के ग्रामों को फसल बीमा खरीफ 2024 के लिए अधिसूचित किया गया है। जिसके तहत मक्का, धान सिंचित, धान असिंचित, उड़द, मूंग, मूंगफली, रागी एवं अरहर फसल का बीमा हेतु अऋणी कृषकों से बीमा प्रस्ताव का आवेदन बैंक/ वित्तीय संस्थानों/ लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से पंजीकृत किया जाना है एवं ऋणी कृषकों का बीमा प्रस्ताव आवेदन संबंधित ऋण प्रदायक बैंक के माध्यम से पंजीकृत किया जाना है। इस हेतु कृषकों से 31 जुलाई तक ही प्रस्ताव स्वीकार किये जायेंगे। उन्होंने जिले के सभी कृषकों को अधिक से अधिक संख्या में बीमा प्रस्ताव जमा कर योजना का लाभ लेने हेतु आग्रह किया है।

**बीमाधन एवं प्रीमियम राशि है इस प्रकार-** मक्का का बीमाधन प्रति हेक्टेयर 36000 जिसकी प्रीमियम राशि प्रति हेक्टेयर 720 रुपये है। इसी प्रकार धान सिंचित का बीमाधन प्रति हेक्टे. 55000 एवं प्रीमियम राशि 1100, धान असिंचित बीमाधन प्रति हेक्टे.43000 एवं प्रीमियम राशि 860, उड़द बीमाधन प्रति हेक्टे.27000 एवं प्रीमियम राशि 540, मूंग बीमाधन प्रति हेक्टे.27000 एवं प्रीमियम राशि 540, मूंगफली का बीमाधन प्रति हेक्टे.42000 एवं प्रीमियम राशि 840, रागी का बीमाधन प्रति हेक्टे.15000 एवं प्रीमियम राशि 300 तथा अरहर का बीमाधन प्रति हेक्टे.38000 एवं प्रीमियम राशि प्रति हेक्टेयर 760 रुपये है। इन सभी के लिए कृषक हेतु प्रीमियम दर 2 प्रतिशत है।

## ओपी चौधरी ने बरमकेला अस्पताल में 87 लाख लागत से निर्मित 10 बिस्तर आइसोलेशन वार्ड का किया लोकार्पण

- वित्त मंत्री चौधरी ने 50 लाख की लागत से ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट निर्माण का किया भूमिपूजन

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सोमवार को बरमकेला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 87 लाख रुपए की लागत से निर्मित 10 बिस्तर आइसोलेशन वार्ड का उद्घाटन किया तथा 50 लाख रूपए की लागत से ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया जिससे अंचल में ख़ुशी का माहौल है।



वित्त मंत्री ने अस्पताल व्यवस्था के साथ आर.एन.एम, पैथोलॉजी एवं अस्पताल परिसर का अवलोकन किया। आर.एन.एम पहुंचकर वहां की महिलाओं से खाना पीना और स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी ली। वित्त मंत्री ओपी चौधरी क्षेत्र के विकास कार्य को लेकर काफ़ी सजग और प्रयासरत हैं। उन्होंने अपने भाषण में नागरिकों को लगातार क्षेत्र में हो रहे विकास कार्य को लेकर राज्य सरकार के नीतियों को जनता के सामने बताया।

इस अवसर पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल जी भी लगातार सक्रिय रहते हुए काम करते हैं। उनको मैं इस अंचल रायगढ़ और बरमकेला में आने के लिए आमंत्रित किया हूं। जल्दी ही उनके साथ आऊंगा ताकि और भी कोई भी कमी उसको हम सब लोग मिलकर पूरा कर सके। हमारी सरकार किस तरह से मोदी की गारंटी को पूरा कर रही है। उसे आप लोगों ने बहुत अच्छे तरीके से देखा है। राज्य सरकार ने 25 दिसंबर की तारीख को श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती पर किसानों को 3 साल का बोनस के रूप में प्रदान करने का निर्णय कैबिनेट की पहली बैठक में हुई। लंबित 18 लाख गरीबों का पीएम आवास का निर्माण सीएम विष्णु देव साय के नेतृत्व की सरकार में किया जा रहा है। लोकसभा आचार संहिता के पूर्व किसानों को 3100 रुपए के दर से धान खरीदी की, जिन्हे केवल अंतर की राशि का भुगतान किया गया। इससे छत्तीसगढ़ के किसानों के ग्रामीणों के आर्थिक स्थिति किस तरह से समृद्ध हुई है उसे आप सब लोग महसूस कर रहे हैं। सभी किसान को इस योजना का बहुत बड़ा लाभ मिला है और उसे छत्तीसगढ़ की ग्रामीण व्यवस्था को मजबूत करने में बहुत मदद मिली है। पूरे देश भर में महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना के अंतर्गत 70 लाख से अधिक माता बहनों को प्रतिमाह रु.1000 भुगतान हो रही है।

इस अवसर पर गणमान्य नागरिक जगन्नाथ पाणिग्राही, जवाहर नायक, हेमसागर नायक, मनोहर पटेल, कैलाश पंडा, मुरारी नायक, कैलाश नायक, विलास तिहारूराम सारथी, हरिशंकर चौहान परियोजना निदेशक, डॉ अवधेश पाणिग्राही सीएमएचओ, कोमल साहू तहसीलदार बरमकेला, प्रज्ञा यादव सीईओ, डॉ. संजय पटेल बीएमओ, ईश्वर दिनकर बीपीएम सहित पूरा स्टाफ एवं जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480